वाट्सएप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 67 | सोमवार 1 जुलाई 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ

# प्रदेशवासियों के सेहतमंद होने से ही साकार होगा ''स्वस्थ राजस्थान'' का संकल्प: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

**सेहत का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होने से मिलेगी बेहतर चिकित्सा सुविधा। प्रदेश में 1 जुलाई से चलाया जाएगा स्टॉप डायरिया अभियान**




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके लिए आवश्यक है कि राज्य का प्रत्येक नागरिक सेहतमंद हो, तभी 'स्वस्थ राजस्थान' का संकल्प साकार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों की सेहत का रिकॉर्ड ऑनलाइन उपलब्ध होने से उन्हें त्वरित और बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी और अनावश्यक स्वास्थ्य जांचों एवं दवाओं पर होने वाले खर्च से भी बचा जा सकेगा। शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर चिकित्सा विभाग के तीन अभियानों का शुभारम्भ किया। उन्होंने पोलियो दिवस के अवसर पर 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाकर प्रदेश में ''राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान'' की शुरूआत की। उन्होंने 'स्टॉप डायरिया अभियान-2024' एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत 'आभा आईडी बनाओ' अभियान का भी शुभारम्भ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने तीनों अभियानों के पोस्टर्स का विमोचन कर लाभार्थियों को आभा आईडी कार्ड प्रदान किए तथा बच्चों को ओआरएस के पैकेट एवं जिंक की गोलियां बांटी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश में निचले स्तर तक ऐसा सिस्टम विकसित किया जाए, जिससे हर बच्चे के जन्म के साथ ही उसका एक यूनिक हैल्थ आईडी नम्बर जनरेट हो जाए और भविष्य में उसके स्वास्थ्य से संबंधित हर जानकारी उस आईडी के तहत दर्ज की जाए। शर्मा ने कहा कि मरीज के स्वास्थ्य का पुराना रिकॉर्ड उपलब्ध होने से चिकित्सकों को उनका इलाज करने में बहुत सहूलियत होगी।

## 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो खुराक का लक्ष्य

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश के 50 जिलों में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत 5 वर्ष तक की आयु के लगभग 1.07 करोड़ बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य है। इसके लिए 61 हजार 500 से अधिक बूथ बनाए गए हैं, जिन पर 77 हजार 500 से अधिक टीमें पल्स पोलियो की खुराक पिलाएंगी। अभियान के दौरान रविवार के अलावा अगले 2 दिन घर-घर जाकर भी दवा पिलाई जाएगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने बताया कि राज्य में दस्त संबंधी बीमारियों की प्रभावी रोकथाम के लिए 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर 5 साल तक की आयु के बच्चों को दस्त से बचाव हेतु ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियां उपलब्ध करवाएंगी। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त समस्त चिकित्सा संस्थानों और आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ओआरएस जिंक कॉर्नर संचालित किए जाएंगे जहां आमजन को दस्त से बचाव और उपचार की जानकारी दी जाएगी।

## आभा आईडी से मिलेगी बेहतर उपचार में मदद

भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हैल्थ अकाउंट यानी आभा आईडी बनाई जा रही है। इस 14 अंकों की आईडी की सहायता से आमजन स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं से अपने पुराने स्वास्थ्य रिकॉर्ड साझा कर सकेंगे। इससे उनके बेहतर उपचार में मदद मिलेगी। चिकित्सा विभाग की ओर से यह अभियान 2 माह तक चलाया जाएगा। कार्यक्रम में एनएचएम के मिशन निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, अतिरिक्त मिशन निदेशक अरूण गर्ग, निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी एवं निदेशक आरसीएच सुनीत सिंह राणावत सहित चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ सम्पन्न





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** शहर में भट्टारक जी की नसियां के तोतूका सभागार में श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन एवं केंद्रीय कार्यकारिणी की मिटिंग अनेक आयोजनों के द्वारा सम्पन्न हुई, कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने शिरकत करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम में धर्म संरक्षणी महासभा राजस्थान के अध्यक्ष कमलबाबू जैन के दिशा निर्देश में सम्पूर्ण कार्यकारिणी की अगुवाई में विभिन्न आयोजनों के साथ सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम में सर्व प्रथम महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों के द्वारा झंडारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, बाद में सभी केंद्रीय पदाधिकारियों को बेन्ड बाजों के साथ तोतूका सभागार ले गया जहां पर सभी केंद्रीय पदाधिकारियों एवं राजस्थान प्रदेश के पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से जयकारों के चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्वलन किया बाद में पंडित रमेश कुमार गंगवाल ने मंगलाचरण प्रस्तुत किया तथा महासभा राजस्थान के अध्यक्ष कमल बाबू जैन ने सभी केंद्रीय पदाधिकारियों एवं आंगुतक मेहमानों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बहुत ही हर्ष की बात है कि आज जयपुर शहर की पावन धरा पर श्री भारत वर्षीय दिगम्बर जैन महासभा के राष्ट्रीय अधिवेशन का होना हमारा सोभाग्य है इस अधिवेशन से सम्पूर्ण भारत वर्ष में हमारी गरिमा बढी है,साथ ही महासभा की गतिविधियों की जानकारी से अवगत कराया गया, कार्यक्रम में स्व.श्री निर्मल कुमार जी सेठी जी के द्वारा समाज के लिए , मंदिरों के लिए किए गए



कार्यों की सराहना की गई,सम्पूर्ण भारत वर्ष में समाज को एक मंच पर लाकर समाज को मजबूत करना,जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करना, युवाओं को जोड़ना , मंदिरों के रख रखाव तथा जीणोर्धार के कार्य, पुरातत्व का संरक्षण,आदि अनेक मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसका सामूहिक रूप से सभी पदाधिकारियों ने एक मत से समाज को एक मंच पर लाकर जागृति पैदा करना,विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करवाने सहित विभिन्न समस्याओं को दूर करने का संकल्प दोहराया।उक्त कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारीयों में राष्ट्रीय अध्यक्ष गजराज गंगवाल, राष्ट्रीय महामंत्री प्रकाश बड़जात्या चैनई, राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष रमेशचंद जैन तिजारिया , तीर्थ संरक्षणी के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष धर्मचंद पहाड़िया एन. के .जैन महामंत्री तीर्थ संरक्षिणी ,राजेंद्र शाह उदयपुर, सभाष पाटनी, सुंदर लाल डागरिया, महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकेश मेहता बांसवाड़ा,दिल्ली से डाक्टर निर्मल जैन, सुमित जैन, विकास जैन, अशोक चूड़ीवाल गुवाहाटी, ज्ञानचंद जैन रायपुर, कैलाश रारा छत्तीसगढ़, विशिष्ट अतिथि सी .पी .जैन पहाड़िया,शिखर चंद कासलीवाल, महामंत्री सुरेंद्र बड़जात्या, बसंत जैन ,स्थानीय संस्थाओं के पदाधिकारी, एन . के .जैन पूर्व न्यायाधीश, एन. के सेठी, श्री महावीर जी अतिशय क्षेत्र के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, अन्तर्राष्ट्रीय रत्न व्यवसायी विवेक काला, उमरावमल संघी, प्रेमचंद छाबड़ा, ताराचंद जैन स्वीट कैटरर्स, अशोक जैन अनोपडा बोंली, शाबाश इंडिया के राकेश गोदिका, समाचार जगत के शैलेन्द्र गोधा, अनोखी पत्रिका के मनीष वैद, जैन गजट के शेखर पाटनी, राजाबाबू गोधा फागी,प्रदीप जैन लाला, विनोद जैन कोटखावदा, पत्रकार महासंघों के,उदयभान जैन, महामंत्री राजेंद्र बिलाला, भागचंद बाकलीवाल, वीरेंद्र जैन, विनीत जैन चांदवाड, कमल चंद जैन सेवा,, सुरेश बज, महेंद्र बैराठी, तथा पदम बिलाला, टीकमचंद पाटनी, सुरेंद्र जैन एडवोकेट अजमेर तथा राजीव लाखना सहित अनेक गणमान्य नागरिकों सहित सभी पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए अपनी सहभागिता निभाई।

**रिपोर्ट : राजाबाबू गोधा जैन महासभा मीडिया प्रवक्ता राजस्थान**

# क्षेत्र में अच्छी बारिश के लिए ग्रामीणों ने बामणिया बालाजी धाम में किया हवन यज्ञ



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

नसीराबाद। क्षेत्र में अच्छी बारिश व विश्व शांति के लिए देरांठू के ग्रामीणों ने श्री बामणिया बालाजी धाम मन्दिर में पंडित दिनेश दाधीच के सानिध्य में हवन यज्ञ कर बालाजी महाराज व इन्द्र देव से क्षेत्र में अच्छी व भरपूर बारिश के साथ विश्व में शांति की मगंल कामना करते हुए हवन यज्ञ कर आहुतियां दी ।हवन यज्ञ के पूर्व बालाजी में विराजमान सभी देवी देवताओं को फल, पूष्प व नेवद्ध चढ़ाकर पूजन किया। हवन में संत जगदीश महाराज, रामनिवास वैष्णव भटियाणी, पुजारी मुकेश वैष्णव, रामधन जाट, राधाकिशन जाट, रामकिशन जाट, किशन जाट डेयरी वाले, गोपाल माली सहित भक्त गण विकास गुर्जर, रामस्वरूप गुर्जर नसीराबाद, सत्यनारायण शर्मा रामसर वाले सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# परमपूज्य भारत गौरव 105 आर्यिका विज्ञाश्री माता जी ने समझी जिनवाणी संवर्धन की कार्यप्रणाली



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन समाज बापू नगर सम्माग के अन्तर्गत कार्यरत जिनवाणी संवर्धन केन्द्र के संयोजक हीरा चन्द बैद ने आर्यिका माता जी विज्ञाश्री जी के दर्शन कर जिनवाणी संवर्धन केन्द्र की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। केन्द्र मेंआई लगभग एक सौ पचास वर्ष पूर्व लाहोर पाकिस्तान में उर्दू भाषा में छपी तत्त्वार्थसूत्र की पुस्तक का माता जी ने अवलोकन किया व आश्चर्य प्रकट करते हुए इस पुस्तक को दुर्लभ बताया। माता जी ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए वर्तमान में जिनवाणी संवर्धन के कार्य को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा की अभी इस की बेहद आवश्यकता है।इस अवसर पर पंडित पीयूष शास्त्री, डा.अखिल बंसल, महेंद्र कुमार छाबड़ा, श्रीमती मंजू छाबड़ा, पवन बज आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे। शाबाश इण्डिया के पाठकों के पास भी अनुपयोगी धार्मिक पुस्तकें हो तो वे केन्द्र के संयोजक हीरा चन्द बैद के मोबाइल नंबर 98281 94556 पर सम्पर्क कर के जिनवाणी संवर्धन केन्द्र : एस-21 , सरदार भवन, मंगल मार्ग , ला प्रैप इन्स्टीट्यूट के पास, बापू नगर,जयपुर पर भेज सकते हैं।

# आचार्य श्री के 57वे दीक्षा दिवस पर की महाआरती

## आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का दीक्षा दिवस मनाया, अशोक नगर पर आचार्य श्री की हमेशा कृपा बनी रही



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** जैन दर्शन के प्रमुख संत परम पूज्य संत शिरोमणि जैनाचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के 57वें दीक्षा दिवस पर श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में श्री विद्यासागर पाठशाला के नन्हे मुन्ने बच्चे के साथ ही समय जनों ने आचार्य श्री की पूजन आरती के साथ सत्तावनवां दीक्षा दिवस भक्ति भाव पूर्वक मनाया इसके पहले आज प्रातः काल सुभाष गंज मन्दिर में जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंगल गान के साथ ही भगवान जिनेन्द्र देव के कलशाभिषेक के साथ ही जगत कल्याण की कामना के लिए शान्ति धारा की गई इसके बाद जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल उपाध्यक्ष राजेंद्र अमन कोषाध्यक्ष सुनील अखाई मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित किया। इसके बाद जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आचार्य भगवंत ने आधी शताब्दी से अधिक देश भर में पैदल विहार कर अहिंसा सत्य धर्म का प्रचार प्रसार करते हुए राष्ट्र की उन्नति के लिए युवाओं को जागृत करते हुए ना केवल राष्ट्र निर्माण में योगदान के लिए प्रेरित किया वल्कि युवाओं को धर्म से जोड़ते हुए जैनेश्वरी दीक्षा प्रदान कर दो हजार वर्ष के इतिहास में सबसे बड़ा बालयति संघ वनाया इसमें एक सौ वीस से अधिक वाल ब्रह्मचारी भाइयों को दिगम्बरी दीक्षा देकर उनका मोक्षमार्ग प्रस्त किया।

# महावीर इन्टरनेशनल के प्रेरणा से तालापा परिवार द्वारा जल मन्दिर का लोकार्पण



**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया**

सबको प्यार सबकी सेवा, जीवो और जीने दो के उद्देश्य से चलने वाली संस्था महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी की प्रेरणा से पी.एम. श्री जवाहर उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामन में ब्लॉक स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य मंत्री नावां विधायक विजयसिंह चोधरी के प्रतिनिधि आशिश चोधरी, जिला प्रमुख भागीरथ चोधरी, सी-बी-इ-ओ जगदीश राय, नगर परिषद आयुक्त पिन्टुलाल जाट, तहसीलदार महेन्द्र मुंड, एस.डी.एम हुक्मीचन्दजी रुलाणिया, विकास अधिकारी राजुराम, विद्यालय प्रधानाचार्या मन्जु चोधरी, उप प्रधानाचार्य भवंरलाल बनिया, उपसभापति हेमराज चावला, दानदाता परिवार से दाखादेवी, मुलचन्द, राजेन्द्र, डॉ दिनेश एवं समस्त तालापा परिवार के सदस्य, पवनकुमार मण्डावाला परिवार व महावीर इन्टरनेशनल के गर्विनग काउसंल मेम्बर सुभाष पहाड़िया, अध्यक्ष रामावतार गोयल, शीवकुमार अग्रवाल, वीर सुनिल माथुर, पूर्व प्रधानाचार्य छिगनलाल शर्मा, राजेन्द्र कुमावत मंचासीन रहे। विद्यालय परिवार द्वारा सभी मंचासीनों का तिलक, साफा, व माला से सम्मान किया गया। सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा सरस्वती के सामने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम शुभारम्भ किया गया। ब्लॉक स्तरीय 60 प्रतिभाओं के सम्मान में विद्यालय द्वारा गोल्ड मेडल व महावीर इन्टरनेशनल द्वारा वाटर बोतल देकर सम्मानित किया गया। सभी मंचासीन व दानदाता परिवार ने जल मन्दिर व वाटर कुलर का लोकापर्ण किया गया। जिला कलेक्टर बालमुकन्द असावा के आदेश के पालना करते हुए मेरा वृक्ष मेरा परिवार के तहत महावीर इन्टरनेषनल के सुभाष पहाड़िया, रामावतार गोयल, नन्दकिशोर बीडसर, सुरेश गंगवाल, अजित पहाड़िया, सुभाष गंगवाल, सम्पत बगडीया, अशोक अजमेरा, सुरेन्द्रसिंह दीपपुरा, तेजकुमार जैन, भानुप्रकाश ओचित्य, सोहनलाल-शारदा वर्मा, प्रदीप गंगवाल, रतनलाल तालापा, सुनिल माथुर, सरोज पाटनी, राजकुमार सोनी, विद्यालय स्टाफ, विद्यार्थियों व अतिथियों ,द्वारा 15 पेड़ टी गार्ड सहित लगाये गए। विद्यालय की प्रधानाचार्या मन्जु चैधरी द्वारा दानदाता परिवार, अतिथियों, पत्रकार बंधुओ, महावीर इन्टरनेशनल के सेवा कार्यो, प्रतिभाओं, अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन विद्यालय अध्यापक भवंरलाल बुगड ने किया।

# दिगंबर जैन महासमिति द्वारा राष्ट्रीय साथ



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** दिगंबर जैन महा समिति द्वारा इस गर्मी को देखते हुए पौधा रोपण की शुरूआत की गई और इसमें इस महा में 1000 पोधें लगाने का संकल्प किया। दिग्बर जैन महासमिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बडजात्या, राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र कुमार जैन, महासमिति के राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल कुमार जैन और दिगंबर जैन महा समिति55 महिला अंचल से शकुन्तला जैन और सुनीता गंगवाल सचिव उपस्थित थीं।

# पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद में हुआ प्रवेशोत्सव का आयोजन

**नसीराबाद (रोहित जैन). शाबाश इंडिया।** पी .एम .श्री केन्द्रीय विद्यालय नसीराबाद में कक्षा प्रथम में नव विधार्थियों के लिए प्रवेशोत्सव एवं अभिभावक उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 102 विद्यार्थी व अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छळ .उडछ सूरज पद्मनाभन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसमें प्राचार्य श्री आर. सी. मीना, उप प्राचार्य श्री देवेन्द्र सुकरिया व एच. एम. श्री अजय कुमार ने भी सहयोग प्रदान किया। विद्यालय प्राचार्य आर. सी. मीना द्वारा सभी अभिभावकों व बच्चों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि द्वारा अभिभावकों को केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए



बधाई दी व केन्द्रीय विद्यालय के बारे जानकारी दी। प्राचार्य द्वारा अभिभावको व बच्चों को NEP-2020 की गुणवत्तायुक्त और प्राथमिक शिक्षा उपलब्ध करवाने हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित निपुण भारत अभियान ,एफ. एल. एन. , शिक्षा शास्त्र पर प्रकाश डाला व अभिभावकों और नन्हे मुन्हे बच्चो का तिलक लगाकर स्वागत किया गया ।

# वेद ज्ञान

## संतुलित जीवन

जिंदगी का एक लक्ष्य है-संतुलित जीवन जीना। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। जिंदगी का एक लक्ष्य है-संतुलित जीवन जीना। जीवन में सदा अनुकूलता ही रहेगी, यह मानकर नहीं चलना चाहिए। परिस्थितियां भिन्न-भिन्न होती हैं और आदमी को भिन्न-भिन्न परिस्थितियों का सामना करना होता है। अगर आदमी का मनोबल मजबूत है, स्वभाव शांत है तो वह किसी भी परिस्थिति को शांति के साथ झेलने में समर्थ हो सकता है। आदमी कभी-कभी आक्रोश में आकर कटु शब्दों का प्रयोग कर लेता है, एक शब्द से सामने वाले व्यक्ति को आक्रोश में लाया जा सकता है और एक शब्द से सामने वाले व्यक्ति के आक्रोश को शांत किया जा सकता है। अपने आपको शांत बनाए रखने के लिए और माहौल को सुंदर बनाने के लिए शब्दों पर ध्यान देना चाहिए कि आदमी किस प्रकार के शब्दों का प्रयोग कर रहा है। मेरा मानना है कि एक बात को कड़ाई के साथ भी कहा जा सकता है और उसी बात को शालीनता के साथ भी कहा जा सकता है। कभी-कभी कठोर बात भी यदि विवेकपूर्वक कही जाती है तो वह भी लाभदायी होती है। शब्द का प्रभाव तो होता ही है, किंतु शब्द से ज्यादा उसके अर्थबोध का प्रभाव होता है। इसलिए संतुलन एवं शांत-स्वभाव का बहुत मूल्य है।प्राणी में अनेक प्रकार के भाव होते हैं। उसमें लोभ होता है तो संतोष भी होता है। उसमें परिग्रह की चेतना होती है तो त्याग, संयम की चेतना भी जाग जाती हैं। आसक्ति होती है तो अनासक्ति का भाव भी जाग जाता है। संत के लिए कहा कि वे अहिंसा के पुजारी होते हैं। जो अपने शरीर से, वाणी से और मन से किसी को दुःख नहीं देते, किसी की हिंसा नहीं करते, ऐसे संतों का तो दर्शन ही पापनाशक है। दया आदमी के जीवन का एक गुण होता है। श्रीकृष्ण कहते हैं कि जो आदमी आशा, लालसा से रहित हो जाए, अपने चित्त और आत्मा पर नियंत्रण कर ले, सर्व परिग्रह को त्याग दे, वह साधक शरीर से काम करते हुए भी पापों का बंधन नहीं करता। अगर जीवन में संयम आ गया तो फिर शारीरिक प्रवृत्ति कर्मबंध का कारण नहीं बनती। संयम और दया की चेतना एक संत में ही बल्कि जन-साधारण में भी होनी चाहिए। आदतों को मनुष्य बदलना नहीं चाहता।

# संपादकीय

## टीम इंडिया ने लहराया परचम

कहते हैं कि हौसला और सब्र कायम रहे तो हारी हुई बाजी को भी जीत में तब्दील किया जा सकता है। बारबाडोस में टी-20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका पर जो जीत दर्ज की, वह मौजूदा क्रिकेट की दुनिया की एक बड़ी उपलब्धि तो है ही, मगर इस खिताब को हासिल करने के क्रम में मैदान में जिस तरह का रोमांच पैदा हुआ, उसने भारत के लिए इस जीत को बेहद अहम और यादगार बना दिया। दरअसल, मैच की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने अपने दमखम के जरिए एक दूसरे पर हावी होने की हर स्तर पर कोशिश की। कभी दक्षिण अफ्रीका की टीम भारी पड़ती दिखी तो कभी भारत की टीम जीत के करीब दिखी। अपनी पारी में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 176 रन बनाए और दक्षिण अफ्रीका के सामने एक मजबूत चुनौती रखी थी। हालांकि अतीत में दक्षिण अफ्रीका की टीम के प्रदर्शन को देखते हुए इस लक्ष्य को बहुत मुश्किल काम नहीं माना जा रहा था और एक समय वह जीत के बेहद करीब पहुंच भी गई थी, मगर अंतिम पांच ओवरों में भारतीय गेंदबाजों ने बाजी पलट दी। यों बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तक के मामले में दोनों ही टीमों ने बेहतरीन क्रिकेट का प्रदर्शन किया, लेकिन मैच के आखिरी दौर में भारत ने मैदान में गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण पर पूरा जोर लगा दिया और एक तरह से हाथ से छूटती बाजी को दक्षिण अफ्रीका से आखिरकार छीन लिया। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि बीस ओवरों के मैच में पंद्रह ओवर तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों ने जैसी पकड़ बना रखी थी, उसमें उसे रोक पाना एक मुश्किल चुनौती थी। मगर यह कहा जा सकता है कि इस मैच के आखिरी ओवरों में भारतीय खिलाड़ियों ने गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण के मामले में जैसा प्रदर्शन किया, उसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने अपनी गेंदों से एक ओर विपक्षी टीम के हाथ बांध दिए, दूसरी ओर उनके मजबूत खिलाड़ियों को मैदान बाहर भी भेज दिया। इसमें हार्दिक की गेंद पर मिलर के छक्का मारने की कोशिश को सीमा रेखा पर सूर्यकुमार यादव ने जिस तरह शानदार और यादगार कैच पकड़ कर रोका, उसने मैच की बाजी पलट दी। गौरतलब है कि टी-20 में यह दूसरा मौका है, जब भारत ने खिताबी जीत हासिल की है और जाहिर है इसके साथ ही एक तरह से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारतीय दावेदारी एक बार फिर पुष्ट हुई है। मगर इस मैच के साथ ही टी-20 के इस प्रारूप में भारत के मजबूत स्तंभों- विराट कोहली, रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने संन्यास लेने की घोषणा कर दी। अब ये तीनों खिलाड़ी इसके अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में मैदान में नहीं दिखेंगे, मगर उनसे प्रेरणा हासिल कर एक नई पीढ़ी विश्व क्रिकेट के इस मोर्चे पर उतरेगी। विराट कोहली ने अपने संन्यास की घोषणा के मौके पर कहा भी कि अब समय आ गया है कि अगली पीढ़ी टी-20 मैचों में भारत को आगे ले जाएं। **-राकेश जैन गोदिका**



# परिदृश्य

## मुसीबत की बरसात और लापरवाही का आलम

मानसून में बारिश एक स्वाभाविक चक्र है, लेकिन शहरों-महानगरों के लिए अब इसे एक तकलीफदेह दौर के रूप में जाना जाने लगा है। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में हुई बरसात के बाद जैसे हालात पैदा हुए, वह जितना बारिश का नतीजा है, उससे ज्यादा इसके लिए सरकार और समूची व्यवस्था की लापरवाही, अदूरदर्शिता और कुप्रबंधन जिम्मेवार है। कुछ घंटों की बारिश के बाद दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह व्यापक जलजमाव देखा गया, सड़कों पर पानी भर गया, बस और कार जैसे वाहन उसमें फंस गए, यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, वह कोई नई घटना नहीं है। जब भी यहां कुछ घंटे ज्यादा बारिश होती है, तो उसके बाद समूचा जनजीवन लगभग ठप्प हो जाता है। हालत यह है कि दिल्ली के केंद्रीय इलाकों में भी पानी भर जाता है और लोगों के सामने कई तरह की मुश्किलें पैदा होती हैं। सवाल है कि क्या इससे उपजी अव्यवस्था के लिए केवल बरसात को बहाना बनाया जा सकता है। आखिर हर वर्ष ऐसी स्थिति पैदा होने के बावजूद इससे सबक क्यों नहीं लिया जाता और बरसात के पहले ही ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते कि सड़कों या मुहल्लों में जलजमाव न हो? यह उम्मीद की जाती है कि देश की राजधानी होने के नाते बाकी जगहों के मुकाबले दिल्ली में सरकारी तंत्र और प्रशासन के स्तर पर ऐसी चौकसी होगी कि मौसम या किसी भी वजह से उपजी अव्यवस्था से तत्काल निपटने के ठोस इंतजाम होंगे। मगर सामान्य बारिश में भी दिल्ली के कई इलाकों के सड़कों-मुहल्लों में नालियां और बड़े नाले जाम हो जाते हैं। नतीजतन, समूचा पानी सड़क पर बहता देखा जाता है। संबंधित सरकारी महकमे समय रहते पानी की निकासी के लिए एक बेहतर तंत्र को सक्रिय करने को लेकर शायद ही कभी गंभीर दिखते हैं। आम लोगों के स्तर पर भी लापरवाही बरती जाती है, जब





लोग अपने घर से कचरा निकालते हैं और सड़क किनारे नालियों या नालों में डाल देते हैं। इसकी वजह से जाम होने वाली नालियां मुख्य सड़कों तक पर व्यापक जलजमाव का कारण बनती हैं। सिर्फ पानी की निकासी की व्यवस्था को ही पूरी तरह दुरुस्त बना कर इस समस्या पर लगभग काबू पाया जा सकता है। विडंबना यह है कि सरकारी तंत्र की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक घनघोर अव्यवस्था न फैल जाए!

# नवागढ़ में चातुर्मास हेतु मुनि श्री सरलसागर जी महाराज एवं मुनि श्री मंगलानंद जी महाराज को किया श्रीफल भेंट

## अतिशय क्षेत्र नवागढ़ कमेटी के पदाधिकारियों ने लिया आशीर्वाद



**ललितपुर. शाबाश इंडिया**

प्रागैतिहासिक अतिशय तीर्थ क्षेत्र नवागढ़ विकासखंड महरौनी के पदाधिकारियों ने निर्देशक ब्र. जयकुमार निशान्त भैया के नेतृत्व में बामौरकला में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सुयोग्य तपस्वी संत मुनि श्री सरल सागर जी महाराज एवं खनियांधाना में विराजमान मुनि श्री मंगलानंद जी महाराज ससंघ को नवागढ़ में चातुर्मास करने हेतु श्रीफल भेंटकर निवेदन किया। इस मौके पर मुनिश्री को नवागढ़ विरासत पुस्तक एवं नवागढ़ में संचालित नवागढ़ गुरुकुलम के परिचय का फोल्डर भेंट करते हुए नवागढ़ में संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। नवागढ़ में खुदाई में प्राप्त बहुमूल्य पुरा सम्पदा, विरासत, मूर्तियों आदि की जानकारी दी गई। इस मौके पर नवागढ़ तीर्थक्षेत्र कमेटी के निर्देशक ब्र. जयकुमार निशान्त भैया, महामंत्री वीरचन्द्र जैन नेकौरा, कोषाध्यक्ष पंडित इंद्र कुमार सिंघई, प्रचारमंत्री डॉ सुनील जैन संचय ललितपुर ने चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनिश्री ने कहा कि नवागढ़ निश्चित ही हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक बहुमूल्य विरासत है, यहाँ का पुरातत्व भी बहुत ही महत्वपूर्ण है। चातुर्मास के लिए साधु-संतों की साधना हेतु अच्छा स्थान है। चातुर्मास के लिए विचार करने की बात उन्होंने कही। उल्लेखनीय है कि मुनि श्री सरल सागर जी महाराज अपनी कठोर त्याग, तपस्या, साधना के लिए जाने जाते हैं। वे बाह्य आडंबर से दूर रहते हैं। अपनी साधना में लीन रहते हैं। बैनर, पोस्टर, पत्रिका आदि के प्रचार-प्रसार से दूर रहते हैं। **शास्त्रि-परिषद के विशेषांक किए भेंट:** इस मौके पर मुनिश्री को अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन शास्त्रि-परिषद की पत्रिकाओं 'जैन सिद्धांत' एवं 'बुलेटिन' के हाल में प्रकाशित विशेषांकों को मुनिश्री को परिषद के महामंत्री ब्र. जयकुमार निशान्त भैया एवं बुलेटिन के संपादक डॉ सुनील संचय ने भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुनिश्री ने पत्रिकाओं में प्रकाशित सामग्री की सराहना की।

## ध्वजारोहण के साथ हुआ सिद्धचक्र महामंडल विधान शुरू, शोभायात्रा निकाली



**सौरभ जैन. शाबाश इंडिया**

पिड़ावा। आध्यात्मिक व धार्मिक नगरी पिड़ावा में वर्षा कालीन धर्म देशना के तहत मूल नायक श्री पुष्पदंत जिनालय लाल मन्दिर नयापुरा में सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान 30 जुन से 7 जुलाई तक श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ मंगल कामना के लिए रविवार को ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि पुण्यार्जक परिवार लीला बाई जैन/स्व.नेमीचन्द जैन, विनोद कुमार जैन, सतीश कुमार जैन, जीवन्धर जैन परिवार के द्वारा आयोजित अनंत सिद्ध भगवन्तो के गुणानुवाद का महा अनुष्ठान विधानो का महाराजा श्री 1008 सिद्ध चक्र महामंडल विधान महोत्सव जिसके प्रत्येक अर्ध में संपूर्ण जिन शासन का महात्म्य का दर्शन होता है। इस अलौकिक विधान में आत्मा की अनंत शक्तियों के सार भूत 2040 पध रचनाओं की भक्ति इस झरती सलिल सरिता में स्नान कर पाप मल से प्रक्षालित होने का अनुपम अवसर हमारे बीच में उपस्थित हुआ है। पूज्य आचार्य 108 श्री विद्यासागर महाराज की शिष्या गुरू मां आर्यिका 105 पूर्णमति माताजी का मंगलमय आशीर्वाद से विधानाचार्य बाल ब्रम्हचारी अनिल भैय्या भोपाल, कुशल निर्देशन व मंगल सानिध्य माताजी संघस्थ बाल ब्रम्हचारी रितु दीदी व पिंकी दीदी के कुशल निर्देशन में 30 जून से 7 जुलाई तक होने वाले आठ दिवसीय सिद्ध चक्र महा मण्डल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ रविवार को परेवा परिवार की और से ध्वजारोहण के साथ शुरू हुआ। इस अवसर पर प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, पूजन, पात्र शुद्धि, रक्षा मंत्र नित्य नियम कि पूजन के बाद शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में पुरुष वर्ग भक्ति करते हुए व महिलाएं केसरिया व मण्ड्ल साड़ी में सिर पर मंगल कलश लेकर चल रही थी। शोभायात्रा बेण्ड बाजा व दिव्य घोष के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से नयापुरा होते हुवे, खंडुपुरा, पिपली चौक, शहर मौहल्ला, सेठान मौहल्ला होते हुवे नयापुरा पहुंची।

श्री त्रिभुवन-श्रीमती शर्मिला जी जैन
सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति




की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
शुभेच्छु
अध्यक्षः मनीष - शोभना लोंग्या
संस्थापक अध्यक्षः राकेश - समता गोदिका
सचिवः राजेश - रानी पाटनी
कोषाध्यक्षः दिलीप - प्रमिला जैन
सांस्कृतिक सचिवः कमल-मंजू ठोलिया
एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# आचार्य विद्यासागर महामुनिराज का 57वां दीक्षा दिवस मनाया



**मुकेश जैन लार. शाबाश इंडिया**

टीकमगढ़। महावीर विहार कॉलोनी टीकमगढ़ मे पारसवी पाठशाला के बच्चो द्वारा आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महा मुनिराज का 57वा मुनि दीक्षा महामहोत्सव बड़े ही भक्ति भाव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रातःकालीन बेला मे पाठशाला के बच्चो द्वारा नित्य नियम सामूहिक अभिषेक शांतिधारा पश्चात आचार्य भगवान की पूजन कर पाठशाला के बच्चो एवं शिक्षिको द्वारा द्रव्य समर्पित की गई। द्रव्य एवं स्वपाहार पुण्यार्जक श्रीमती ममता जैन मातेश्वरी अंकित जैन (दिगोड़ा)रहे।श्रीमती मोहनी जैन ने आचार्य श्री के सिद्धांतों पर प्रकाश डालते हुए कहा मानव को इस संसार में प्रत्येक जीव पर दया करनी चाहिए और हरे-भरे वृक्ष नहीं काटना चाहिए,यही सच्चा मानव धर्म है। जो पर सेवा में सुख मिलता है वह कहीं नहीं।

# बालक अभिषेक प्रशिक्षण अभियान प्रारंभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**




श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर महारानी फार्म मन्दिर प्रबंध समिति के तत्वावधान में रविवार 30 जून 2024 प्रातः 6:15 बजे मंदिर जी में बालक अभिषेक प्रशिक्षण अभियान पं. अजीत शास्त्री सांगानेर के निर्देशन एवं मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। मंदिर प्रबंध समिति के मंत्री राजेश बोहरा ने अवगत कराया कि मंदिरजी में बालक अभिषेक प्रशिक्षण अभियान प्रारंभ कराया गया है जिसके अंतर्गत 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के बालकों को अभिषेक क्रियाएं सिखाई गयीं। इस अभियान के प्रारंभ में लगभग 15 बच्चे व उनके माता-पिता ने भाग लिया। युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन के अनुसार इस अवसर पर प्रथम अभिषेक अशोक रावकां परिवार ने किया तथा सहयोग सबसे पहले मंदिर में बालक तविश जैन पाटनी पुत्र सुनील-शिल्पी जैन के आने पर सहयोग के रूप में प्रथम अभिषेक व शांति धारा की। सभी बालकों के मुकुट, तिलक व माला पहनाकर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा स्वागत किया, सभी अभिषेक व शांति धारा करने वाले बालकों को श्रेष्ठी सारसमल पदमचंद झांझरी परिवार ने गिफ्ट देकर सम्मान किया। सभी मांगलिक क्रियाएं पं. अजीत शास्त्री के निर्देशन में हुई तथा कुशल संचालन मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह द्वारा किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य महानुभावों के साथ काफी संख्या में महिला-पुरुष, बालक-बालिकायें आदि उपस्थित थे।

JSG
जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर
श्री प्रशांत-श्रीमती अंतिमा जैन
सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर
1 जुलाई' 24



Happy Anniversary
95299 91993
की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं
शुभेच्छु
अध्यक्ष: सुनील सोगानी, आई पी पी: राहुल जैन
संस्थापक अध्यक्ष: मनीष झांझरी
पूर्व अध्यक्ष: अभय गंगवाल, पूर्व अध्यक्ष: संजय जैन
उपाध्यक्ष: अजय बड़जात्या, सचिव: विशुतोष चाँदवाड
सह सचिव: महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष: सुकेश काला
एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर

जैन सोश्यल ग्रुप महानगर
Happy Anniversary
1 जुलाई'24
9829162900



श्री सुनील - श्रीमती तनु जैन
जैन सोश्यल ग्रुप महानगर के सम्मानित सदस्य
को वैवाहिक वर्षगांठ की
हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
संजय-सपना जैन छाबड़ा आवा: अध्यक्ष
सुनील-अनिता गंगवाल: सचिव
प्रदीप-निशा जैन: संस्थापक अध्यक्ष
स्वाति-नरेंद्र जैन: ग्रीटिंग कमेटी चेयरमैन

# गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी को रॉयल एन्व्यू कॉलोनी सीताबाड़ी जयपुर में अल्प प्रवास के लिए चढ़ाया श्रीफल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ कल्याण नगर जयपुर में विराजमान है ।माताजी ससंघ सान्निध्य में भगवान मुनिसुव्रतनाथ जी की आराधना करते हुए भक्तों ने माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा कराकर अक्षय पुण्य का संचय किया । अनिल बनेठा सहित प्रकाश निमोडिया रमेश निमोडिया जीतू जैन बाबूलाल जैन एवं महेश सेठी ने पूज्य गुरुमाँ के चरणों में श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर रॉयल एन्व्यू कालोनी सीताबाडी जयपुर में अल्प प्रवास हेतु श्रीफल समर्पित किया एवं पूज्य गुरुमाँ का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि - जिंदगी एक खेल है यदि तुम इसे खिलाड़ी की तरह खेलते हो तो जीत सकते हो ।लेकिन यदि दर्शक की तरह देखते हो तो सिर्फ ताली बजा सकते हो या दुःखी हो सकते हो पर जीत नहीं सकते ।मैदान में हारा हुआ इंसान फिर से जीत सकता है लेकिन मन से हारा हुआ इंसान कभी नहीं जीत सकता ।इंसान को जीवन में कभी हार नहीं मानना चाहिए क्योंकि पहाड़ों से निकली हुई नदी ने आज तक रास्ते में किसी से नहीं पूछा कि समुद्र कितनी दूर है। आर्यिका संघ का मंगल विहार 1 जुलाई को सीताबाडी जयपुर की ओर होने जा रहा है। आज गुरुमाँ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य गुरुभक्त धर्मचंद जैन सपरिवार ने प्राप्त किया।

# निवाई में जैन मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संघ का हुआ मंगल प्रवेश



**निवाई. शाबाश इंडिया**। सकल दिगम्बर जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा जैन मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संध का गाजे बाजे के साथ मंगल प्रवेश हुआ। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि मंगल प्रवेश से पहले मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज संध सहित सांगानेर के चित्रकूट कालोनी में विराजमान थे उसके बाद वहां से चातुर्मास 2024 का टोंक में करने के लिए मंगल विहार करते हुए चाकसू गुन्सी विज्ञा तीर्थ होते हुए निवाई पहुंचे जहां निवाई जैन समाज के श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। जौंला ने बताया कि मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज आचार्य इंद्र नन्दी महाराज के शिष्य हैं मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज वर्ष 2024 का चातुर्मास टोंक में करेंगे। इस दौरान मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज के सानिध्य में टोंक चातुर्मास आमंत्रण पत्रिका का विमोचन किया गया जिसका सोभाग्य पवन कंटान कमल सर्राफ धर्मेन्द्र पासरोटिया देवेन्द्र आंडरा ओम ककोड़ मुकेश बरवास रमेश साईवाड़ राजेश शिवाड़ को मिला। भामाशाह विष्णु बोहरा ने बताया कि मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज राधा दामोदर सर्किल से रवाना होकर जैन नसियां मंदिर बड़ा जैन मंदिर बिचला जैन मंदिर बंपुई वालों का चेत्यालय एवं शिवाजी कालोनी पारसनाथ जैन मंदिर के दर्शन कर नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए अहिंसा सर्किल भगवान महावीर मार्ग होते हुए अग्रवाल जैन मंदिर पहुंचे जहां मंदिर कमेटी के श्रद्धालुओं ने पादप्रक्षालन करके अगुवानी की। जैन समाज के मीडिया प्रभारी विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि अग्रवाल जैन मंदिर में आचार्य शांतिसागर पब्लिक स्कूल में समर कैंप लगाया गया जिसका रविवार को समापन समारोह पूर्वक किया गया जिसमें जैन मुनि निपूर्ण नन्दी महाराज ने सानिध्य प्राप्त करके सभी को आशीर्वाद प्रदान किया। समर कैंप में बालक बालिकाओं को पुरस्कार दिया गया।







# गुना पुलिस द्वारा रैली, जन संवाद के माध्यम से नये कानून का लोगों के बीच किया जा रहा प्रचार-प्रसार



**कमल सिंह लोधा. शाबाश इंडिया**

गुना। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा देश में लागू तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (र) एवं भारतीय साक्ष्य संहिता आगामी दिनांक 01 जुलाई 2024 से अस्तित्व में आ जाएंगे। एक जूलाई से देश में नये कानून के प्रभावी होते ही हत्या, दुष्कर्म, अपहरण, चोरी-लूट- डकैती, धोखाधड़ी आदि गंभीर वारदातों समेत अन्य सभी वारदातों के लिये नवीन धाराओं के तहत मुकदमा कायम किये जाएंगे। उदाहरण के लिये आईपीसी में हत्या के लिये अभी तक धारा 302 लगाई जाती थी अब हत्या के लिये BNS 2023 की धारा 103(1) का इस्तेमाल किया जाएगा। इसी तरह गैर इरादतन हत्या के लिये 105, 106 लगेगी, पहले इनके लिये क्रमशः 304, 304ए लगाई जाती थी। छेड़छाड़ में अब 354, 354ए, सी, डी की जगह BNS धारा 74, 75, 76, 78 लगाई जाएगी। इसी प्रकार बलात्कार के अलग-अलग प्रकृति के मामलों में 64, 64(2), 65(1), 65(2), 70(1), 70(2) लगेगी। अपहरण के मामलों में 363, 366 की बजाय अब धारा 137(2) व धारा 87 के तहत कार्यवाही होगी।




# दिगंबर जैन महिला महासमिति

टोंक संभाग एवं राजस्थान अंचल की सांस्कृतिक मंत्री

## श्रीमती रेखा-श्री पवन जैन

को वैवाहिक वर्षगांठ की बहुत-बहुत बधाई

शुभेच्छु

शकुंतला - महावीर बिंदायका, अध्यक्ष

सुनीता - रमेश गंगवाल, सचिव

उर्मिला - राकेश जैन, कोषाध्यक्ष

एवं समस्त राजस्थान महासमिति महिला अंचल परिवार


# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन



**कुछ तो है जो बदल गया है,**
**शाख के पत्तों का रंग उतर गया है..**
**एक वक्त था जब हर वक़्त साथ था वो मेरे,**
**शायद अब वक़्त बदल गया है..!**

पहले लोग कभी-कभी बूढ़े हुआ करते थे, मगर आज कल लोग आए-दिनों बढ़े जाते हैं, समय से पूर्व ही बूढ़े हो जाते हैं। ऐसा क्यो ? क्योंकि आदमी का खान-पान, रहन-सहन सब कुछ बदल गया है। पाश्चात्य जीवन शैली आ गई है। पहले लोग कभी कभार बीमार होते थे और आज कल? बस पूछो ही मत, कभी कभी स्वस्थ दिखते हैं। बाकी तो बीमारियां बनी ही रहती है। बीमारियां क्या बढ़ी, डॉक्टरों की चांदी हो गई। संसार में डॉक्टर एक ऐसा अद्भूत प्राणी है जो यह तो नहीं चाहता कि मरीज मरे, पर यह जरूर सोचता है कि आदमी सदा बीमार बना रहे। आदमी के बीमार रहने से ही डॉक्टर स्वस्थ है। वकील हमेशा यही सोचता है कि लोग खूब लड़े। लोग लड़ेंगे तो वकील की दुकान चलेगी। महावीर दुनिया के पहले महापुरुष हैं, जिन्होंने कहा कि दो ध्यान बुरे होते हैं और दो ध्यान अच्छे होते हैं। आर्त ध्यान और रौद्र ध्यान बुरे हैं। धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान अच्छे हैं।

**-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com